एस आर एफ फाउंडेशन के द्वारा 10 शासकीय विद्यालयों को आदर्श विद्यालय बनाने के लिए दी गई 13 लाख से अधिक की बहुमूल्य एवं जरूरी सुविधाएं

# जन सहयोग से छात्रों का सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाना ही प्राथमिकता: चैन सिंह किरार

**पीपुल्स प्रवक्ता गोहद / मालनपुर।**

शासकीय माध्यमिक विद्यालय टुडीला में सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के पालक, ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान एस आर एफ फाउंडेशन के द्वारा ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम भिंड के अंतर्गत विद्यालय एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास की पहल में सहयोग करते हुए 1 लाख 60 हजार रुपए की राशि से क्रय गीत संगीत वाद्ययंत्र एवं नवनिर्मित खेल मैदान का उद्घाटन संस्था के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के दौरान माइक संचालन करते हुए शिक्षक करन सिंह एवं विद्यालय प्रबंधन के द्वारा खेल मैदान के लिए भूदान करने वाले श्री केदार शर्मा एवं एस आर



एफ फाउंडेशन द्वारा दिए गए 1,60,000 रुपए का अतुलनीय सहयोग एवं योगदान की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया गया एवं माला पहनकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही एस आर एफ फाउंडेशन द्वारा पूर्व में विकसित की गई सुविधाएं जैसे डिजिटल कक्ष, साइंस लैब, लाइब्रेरी एफएलएन कक्ष, खेल संसाधन एवं अन्य सभी सुविधाओं के बारे में ग्रामीणजन को विस्तार से अवगत करवाया गया एवं 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र, नए एडमिशन एवं विद्यालय उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पालकों को बताया गया और ज्यादा ज्यादा नए नामांकन करवाने को प्रोत्साहित किया गया। एस आर एफ फाउंडेशन भिंड के अधिकारी चैन सिंह किरार के द्वारा बताया गया कि ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम भिंड के अंतर्गत एसआरएफ फाऊंडेशन भिंड जिले के 10 शासकीय स्कूल एवं 30 आंगनबाड़ी केंद्र, 2 ट्रेनिंग सेंटर एवं डिजिटल बस के माध्यम से विभाग को सहयोग करते हुए आदर्श स्कूल आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित करते हुए गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध करवाने पर कार्य कर रही है और इस शैक्षणिक वर्ष में शाला प्रबंधन के द्वारा लिखित में निवेदन करने पर 10 विद्यालय को 13 लाख 11000 रुपए का सीधा सहयोग करते हुए विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने का काम किया गया है। जिसमें कक्षा कक्षा का वॉटरप्रूफ, लोहे के मजबूत गेट खिड़की, कलर पेंटिंग मरम्मत, खेल मैदान निर्माण, शौचालय एवं ड्रिंकिंग वॉटर मरम्मत, वाटर कूलर, बैटरी इनवर्टर, प्रोजेक्टर, ब्लूटूथ स्पीकर, अलमारी, छात्र फर्नीचर, संगीत वाद्य यंत्र, टीएलएम सामग्री, डिजिटल कक्ष, प्रार्थना हाल , डॉम टीन शेड आदि व्यवस्थाएं बनाई गई है। चयनित 10 शासकीय विद्यालय नाम - पीएम श्री कन्या उच्च. मा. वि. गोहद, पीएम श्री शासकीय उच्च. मा. वि. शेरपुर, शा. हाई स्कूल एंडोरी, शास. हाई स्कूल बिरखड़ी, शास. मा. स्कूल सर्वोदय, गोहदी, छीमका, टुड़ीला, गुरीखा एवं शास. मा. वि. हरिराम का पुरा। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाजसेवी केदार शर्मा, चैन सिंह किरार राम सहाय एवं लक्ष्मण सिंह (पूर्व सरपंच), एंदल सिंह गुर्जर (सरपंच), सरयू प्रसाद (संस्था प्रधान), सीमा माहौर (शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष), रामनरेश सेंगर (प्राचार्य), सुनीता जाटव (जनपद सदस्य), आंगनवाड़ी कार्यकर्ता , सहायिका, जन प्रतिनिधि, विद्यालय शिक्षकगण, छात्र छात्राएं सहित पालक एवं 72 ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## श्रीरामनवमी पर राम धुन में श्रद्धालु हुए मतवाले, कलश चौक से निकली शोभायात्रा

**पीपुल्स प्रवक्ता खरगोन।**

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर दिनभर भक्ति की बयार बही। हर कोई श्रीराम की धुन में मतवाला दिखाई दिया। पहाड़सिंगपुरा कलश चौक स्थित श्रीराम मंदिर शहर से रघुवंशी समाज ने श्रीराम जन्मोत्सव पर विशेष आयोजन किए। सुबह 9 बजे भव्य शोभायात्रा मंदिर परिसर से शुरू हुई। जिसमें ढोल-तांशे, बैंड-बाजे पर भक्ति गीतों से माहौल धर्ममय हो गया। शोभायात्रा कलश चौक से शुरू होकर टवड़ी मोहल्ला, तालाब चौक पहुंची।

यहां सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद शोभायात्रा दांगी मढ़ी, मोतीपुरा मार्ग होते हुए पुनः कलश चौक स्थित श्रीराम मंदिर पहुंची। यहां प्रभु प्राकट्योत्सव पर भगवान श्रीराम की महाआरती व प्रसादी के बाद शोभायात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा में



श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमानजी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा का हिंदू संगठनों, समाजजनों, व्यापारियों ने मंच लगाकर स्वागत सत्कार किया। इस दौरान तालाब चौक पर मुस्लिम सद्भावना मंच ने भी शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। सद्भावना मंच संयोजक अजीजुद्दीन शेख ने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव के लिए मंच पिछले तीन दशक से संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसी का परिणाम है कि एक दूसरे के त्यौहार पर स्वागत- सत्कार कर अपनत्व का एहसास कराया जाता है। **यहां भी हुए आयोजन:** भारतीय जनमानस की अगाध आस्था के प्रतिक मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामजी के जन्मोत्सव को लेकर शहर के प्रमुख श्रीराम मंदिर में उत्सवी माहौल रहा। ब्राह्मण पुरी स्थित श्री फकाजी राम मंदिर, झंडा चौक स्थित हजारी राम मंदिर, बीसा नीमा महाजन समाज पंचायती ट्रस्ट, बस स्टैंड स्थित श्रीराम मंदिर, नूतन नगर स्थित श्री दाता हनुमान मंदिर, गडरिया मंदिर, हजारी राम मंदिर, डीआरपी लाईन स्थित राम मंदिर, तिलक पथ स्थित श्रीराम मंदिर सहित अन्य मंदिरों में दोपहर के 12 बजते ही श्रद्धालूओं का दर्शनार्थ सैलाब उमड़ पड़ा।

## भाजपा किसान मोर्चा ने किया उन्नतशील किसानों का सम्मान, मना रहे सेवा सप्ताह

**पीपुल्स प्रवक्ता खरगोन।**

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा 23 से 29 मार्च तक किसान कल्याण वर्ष के तहत किसान सेवा सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। सेवा सप्ताह के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मदिन के उपलक्ष्य में कृषि उपज मंडी बिस्टान रोड़ पर किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बंटी तंवर, कार्यक्रम प्रभारी संतोष पाटीदार युपीएल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष पंवार, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष गजानंद पटेल, महेश डंडीर उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी श्री पाटीदार ने बताया किसानो के प्रति सम्मान, सेवा और समर्पण की




भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें किसानों के लिए प्याऊ शुरु कर शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही उन्नत शील किसानों का सम्मान कर देश में अन्न के भंडार भरने के लिए आभार जताया। समारोह में जैविक खेती, उन्नत तकनीक और पशुपालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। 23 से 29 मार्च तक चलाए जा रहे सेवा सप्ताह का उद्देश्य किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, आधुनिक खेती के लिए प्रोत्साहित करने और उनकी मेहनत का सम्मान करना है।

## पुलिस ने गांव में निकाला जुलूस, राइफल बरामद

**पीपुल्स प्रवक्ता दतिया।**

दतिया के गोराघाट थाना क्षेत्र में करीब एक महीने पहले रेत से भरे वाहनों पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल की गई राइफल भी बरामद की गई है। बता दें कि फरारी के दौरान आरोपियों का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह दतिया एसपी सूरज वर्मा को लेकर अपशब्द कहते सुनाई दे रहे हैं। इसके बाद पुलिस एक्टिव हुई ओर आरोपियों को पकड़कर गांव में जुलूस निकाला। जानकारी के अनुसार, एक माह पहले अज्ञात बदमाशों ने रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली और लोडर वाहन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश की थी। फायरिंग में वाहनों को नुकसान पहुंचा था, जबकि एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया था। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे।

खरगोन ने जीती संभागीय लेदर बाल अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा

## विधायक श्री पाटीदार ने विजेता और उपविजेता टीम को किया पुरस्कृत

**पीपुल्स प्रवक्ता खरगोन।**

स्टेडियम मैदान पर चल रही संभागीय लेदर बाल क्रिकेट स्पर्धा का खिताब खरगोन की टीम ने जीतकर चमचमाती ट्राफी अपने नाम की है। दो दिवसीय फाइनल मुकाबला खरगोन एवं खंडवा के बीच खेला गया। खरगोन की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता, जबकि खंडवा उपविजेता रही। समापन समारोह में विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों को अच्छे खेल के लिए शुभकामनाएं देते हुए चमचमाती ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। विधायक श्री पाटीदार ने कहा कि क्रिकेट स्पर्धा से छोटे खिलाड़ियों को लेदर बाल से खेलने का मौका मिला, जिससे क्रिकेट को मजबूती मिलेगी। डीसीए अध्यक्ष मनोज रघुवंशी ने स्वागत भाषण दिया। इस दौरान बतौर



अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संतोष पाटीदार यूपीएल, डीसीए सचिव मन्नू गोस्वामी, स्पर्धा के आब्जर्वर जयंत वानखेड़े, अंपायर सार्थक कुलकर्णी एवं कार्तिक अय्यर, स्कोरर विक्की निषाद आदि उपस्थित थे। **रोमांचक रहा फायनल मुकाबला:** फायनल में खरगोन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बाल्लेबाजी की। दो दिन चली स्पर्धा में खंडवा को 175 रनो का लक्ष्य मिला। जवाबी पारी खेलते हुए खंडवा 32 ओवरो में 8 विकेट खोकर 103 रन ही बना पाई और उपविजेता के खिताब से संतोष करना पड़ा।

## टांडा बरुड़ स्कूल में 11वीं में प्राचार्य और अंग्रेजी शिक्षक के खिलाफ किया प्रदर्शन

**पीपुल्स प्रवक्ता खरगोन।**

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टांडा बरुड़ में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बिगडने पर जमकर हंगामा बरपा। नाराज छात्राओं ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था की गुणवत्ता, शिक्षकों की कमी सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं पर सवाल खड़े करते हुए छात्राओं ने खरगोन-बरुड मार्ग पर धरने दिया। प्राचार्य सहित अंग्रेजी विषय के शिक्षक के खिलाफ आक्रोष दर्ज कराया। विद्यार्थियों ने छात्र संगठन के बैनर तले प्रदर्शन किया। नाराज छात्राओं को समझाईश के लिए पहुंचे सहायक आयुक्त, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी के साथ ही तहसीलदार के मिले आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया। इस दौरान सौंपे ज्ञापन में



शिक्षकों का समय पर स्कूल नहीं आना, निर्धारित विषयों की कक्षाएं नियमित नहीं लगना, स्कूल में अनुशासनहीन गतिविधियां, छात्रों से स्कूल का कार्य करवाना, परीक्षा में नकल करवाकर परिणाम सुधारने का प्रयास जैसी अव्यवस्थाएं गिनाई। इस दौरान छात्राओं ने स्कूल में शिक्षकों के जन्मदिन मनाए जाने और कभी-कभी भोजन की व्यवस्था भी अनुचित तरीके से करने के गंभीर आरोप लगाए। करीब 4 घंटे तक तेज धूप में छात्राएं धरने पर बैठी रहीं। इस दौरान सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। थाना प्रभारी और प्राचार्य द्वारा समझाने के बावजूद छात्राएं वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ी रहीं।

## समाधान योजना के दूसरे एवं अंतिम चरण में शामिल होने के लिए अब केवल 5 दिन शेष

**पीपुल्स प्रवक्ता भिण्ड।**

मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के द्वितीय चरण की अवधि अब 31 मार्च 2026 कर दी गई है, जिसके पूरा होने में अब केवल 05 दिन शेष हैं। पिछले साल 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर लाखों बकायादार उपभोक?ताओं ने छूट का लाभ लिया है। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री ऋषि गर्ग ने उपभोक?ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। श्री गर्ग ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 7 लाख 62 हजार 753 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 701 करोड़ 91 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 301 करोड़ 22 लाख रूपए का सरचार्ज माफ किया गया है। मध्यप्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के द्वितीय चरण में सरचार्ज में 70 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने पर 50 से लेकर 60 प्रतिशत तक छूट का विकल्प मिल रहा है। समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य 3 माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। यह योजना जल्दी आएं, एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पाएं के सिद्धांत पर आधारित है।

## थाना देहात भिण्ड पुलिस की बड़ी कार्यवाही 5 हजार रुपये का इनामी बदमाश गिरफ्तार, दो मामलों में था फरार

**पीपुल्स प्रवक्ता भिण्ड।**

थाना देहात पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 5 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी दो अलग-अलग मामलों में फरार चल रहा था और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक भिण्ड डॉ. असित यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन तथा नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश शाक्य के नेतृत्व में इनामी बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था।



जानकारी के अनुसार, दिनांक 27 मई 2025 को ग्राम धरई में खेत पर बने ट्यूबवेल के पास आरोपी अपने एक साथी के साथ अवैध शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस की दबिश के दौरान दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने घटनास्थल से 54 लीटर देशी शराब एवं बीयर की केन जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। इसी प्रकरण में फरार आरोपी एक अन्य मारपीट के मामले में भी वांछित था। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की गिरफ्तारी पर 5000 रुपये का इनाम घोषित किया गया था। थाना देहात पुलिस ने 25 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को भुजपुरा रेलवे पुल के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई अपराध दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मुकेश शाक्य, उप निरीक्षक अजय यादव, उप निरीक्षक बलराम यादव, प्रधान आरक्षक विनोद बृजेश, दिलीप कुमार, ज्ञानेन्द्र मिश्रा एवं महेन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

## भारत की जनगणना-2027 का प्रथम चरण हेतु भिण्ड जिले के लिये आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**पीपुल्स प्रवक्ता भिण्ड।**

भारत की जनगणना-2027 का प्रथम चरण यथा सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक किया जाना है। इस हेतु भोपाल से प्रशिक्षण प्राप्त जिले से नामित मास्टर ट्रेनर श्री रविकांत सिंह एवं जनगणना कार्य निदेशालय म0प्र0 भोपाल से श्री भानुप्रताप सिंह (जिला जनगणना प्रभारी) द्वारा जनगणना 2027 से सम्बंधित विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण प्रातः 10.30 बजे से सांय 6 बजे तक आयोजित किया गया। उक्त प्रशिक्षण में जनगणना 2027 से संबंधित 03 दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिवस में क्विज टेस्ट, एप के उपयोग एवं डाटा सुरक्षा, प्रगणकों द्वारा परिवारों से सम्पर्क करने की विधि-इनकार, संवेदनशील स्थितियों और शिष्टाचार प्रोटोकॉल, प्रश्न पूछने की विधि को संभालना, जनगणना अवधारणाओं, परिभाषाओं, प्रश्नों और मोबाइल एप्स पर फील्ड प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण वितरण अभ्यास, डेटा संग्रह के लिये प्रगणक और उत्तरदाता के बीच स्थिति-आधारित भूमिका निभायें तथा नमूना ले आउट मानचित्र तैयार करने, डेटा संग्रह और पास के निवास स्थान में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की भूमिका का अनुभव करने के लिये ग्राम मानपुरा में फील्ड ट्रेनर्स द्वारा फील्ड विजिट किया गया। तत्पश्चात प्रशिक्षण स्थल पर वापिसी के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रथम चरण हेतु भिण्ड जिले के लिये आयोजित 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 24 मार्च 2026 से शुरू होकर आज दिनांक 26 मार्च 2026 को कलेक्ट्रेट सभागार भिण्ड में सम्पन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण में समस्त ग्रामीण चार्ज के लिये फील्ड ट्रेनर्स (भिण्ड ग्रामीण को छोड़कर) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समस्त फील्ड ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।